# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 30 अक्टूबर, 2025

वर्ष 01 | अंक 269 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital


RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे





बधाईकर्ता : रणजीत टाइम्स परिवार


Happy Birthday
30 OCTOBER
!! जन्मदिवस की अग्रिम !!
!! हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !!
गोपाल गावंडे जी
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ
गोपाल गावंडे जी
आदरणीय भाई साहब को
जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आपके जीवन का हर दिन खुशियों, सफलता और उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो।
ईश्वर से यही प्रार्थना है कि आपके जीवन में सदैव नई ऊंचाइयां, अपार सम्मान और समृद्धि आती रहे।
आपका मार्गदर्शन, स्नेह और प्रेरणा यूं ही हम सब पर बनी रहे।
बधाईकर्ताः रणजीत टाइम्स परिवार

रणजीत टाइम्स
इंदौर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025



# मानव को अपनी उच्च चेतना से परिचित कराना ही सहजयोग ध्यान है

पुरातन कालों से ही खोज होती रही, मनुष्य कुछ खोज ही रहा है हर समय। चाहे वो पैसे में खोज ले, चाहे वो सत्ता में खोज ले, वह किसी न किसी खोज की ओर दौड़ रहा है लेकिन उस खोज के पीछे कौन सी प्यास है, ये शायद वो जानता ही नहीं। इसके पीछे सिर्फ आनन्द की खोज है। सारी ही खोजों में ढूंढते ढूंढते जब मनुष्य हार जाता है। और कहीं कुछ मिलता नहीं तो वह धर्म की ओर मुड़ता है और जब धर्म की ओर मुड़ता है तब भी वह बाहर ही खोजता है। कारण यह है कि जो वह खुद है, स्वयं है, वो खोजता है, इसीलिये अपने से मनुष्य भागता है, हर समय अपने से भागता है। दो मिनट अपने साथ बैठ नहीं सकता।...... सोचने की बात है कि मनुष्य अपने से इतना जोर से क्यों भागा चला जा रहा है? क्योंकि वह अपने से अपरिचित है, अपने सौन्दर्य से, अपने वैभव से, अपने ज्ञान से और अपने प्रेम से अपरिचित वह आनन्द की खोज बाहर की ओर करते हुए दौड़ रहा है। पर आनन्द तो बाहर है ही नहीं, यह तो अन्दर है, आपमें है, आप स्वयं आनन्द स्वरूप हैं। आप परमात्मा स्वरूप हैं, ऐसा सब लोग कहते हैं। लेकिन सिर्फ बात करने से ही यह बात पूरी नहीं होने वाली है।

हमारे अस्तित्व की शान्ति, सौन्दर्य एवं गरिमा हमारे अन्तर्निहित है। इसका एक महान सागर हमारे अन्दर है। यह आपका अपना है और अत्यन्त सहज है, आपकी पहुँच में है जो कुछ भी आप करते रहे वह केवल तथाकथित आनन्द, प्रसन्नता, सांसारिक शक्तियों की गरिमा और सांसारिक वस्तुओं के पीछे दौड़ना था। अब इन सब गतिविधियों के विपरीत कार्य करना होगा। आपको अपने अन्तस में झाँकना होगा। सहजयोग, ये परमतत्व का अपना एक तरीका है, यह एक मार्ग है। मानव जाति को उत्क्रान्ति के उस आयाम तक पहुँचाने का एक तरीका है, एक व्यवस्था है जिससे मानव उच्चचेतना से परिचित हो जाये, उस चेतना को आत्मसात कर ले जिसके सहारे ये सारा संसार, सारी सृष्टि और मानव का हृदय चल रहा है। पूरी सतर्कता से स्वयं ही अपने आप होने वाला मानव जीवन का विकास यही सहजयोग है। सहजयोग में आपको सिर नहीं मुँडवाना, नंगे पाँव नहीं चलना, भूखे नहीं रहना और न ही गृहस्थ जीवन का त्याग करना है।.... सहजयोग अति व्यवहारिक है, क्योंकि यह पूर्णसत्य है अतः अपनी सारी शक्तियाँ, सूझ-बूझ और करुणामय प्रेम के साथ आपको अपने विषय में आश्वस्त होना है और जानना है कि हर समय परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति उन्नत होने में आपकी सहायता, रक्षा, मार्गदर्शन, पोषण तथा देखभाल कर रही है। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800



# विधायक महेंद्र हार्डिया जी का सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया

रणजीत टाइम्स



नवनियुक्त भाजपा नगर महामंत्री श्री कैलाश पिपले जी का आज भव्य स्वागत श्री संजय अग्रवाल मुसाखेड़ी इन्दौर ( मंगल एंड ज्वेलर्स कम्पनी ) के सानिध्य में , ओर नितिन चंदेल ( एन.जी.एन डीजे साउंड ) के सानिध्य में भव्य स्वागत रखा गया , ढोल, ताशे,फूलमाला , ओर मिठाई वितरित की गई, स्वागत समारोह मुसाखेड़ी नई बस्ती में रखा गया , स्वागत समारोह में श्री संजय अग्रवाल, श्री नितिन चंदेल,श्री मनोहर ठाकुर , श्री निक्की कटारे, श्री संदीप सिसोदिया,श्री रवि चौधरी, श्री कमलेश अग्रवाल,श्री बालकृष्ण अग्रवाल,श्री पहलवान गोपाल सिंह कटारे, मास्टर श्री रमेश झिरवार, विकाश चंदेल,गर्व चंदेल शामिल रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025-कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने राजनीतिक दलों से की बीएलए नियुक्ति की अपील

दिलीप पाटिदार



## मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने बुधवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर कार्यालय के सभागार में बैठक की। इस दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण की एसआईआर की तारीखों की घोषणा कर दी है इसमें मध्यप्रदेश भी शामिल हैं। प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से उन्होंने आग्रह किया है कि वे अनिवार्य रूप से बीएलए की नियुक्त कर दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होते ही मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स.डॉट.ईसीआई.इन पर जाकर 2003 की मतदाता सूची को देखा जा सकता है। इसके अलावा मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तीन बार बीएलओ घर घर जाकर सर्वे करेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

# पेग मार्ट किराना स्टोर शुजालपुर पर जी एस टी विभाग की कार्यवाही

ग्राहको को अधिक मुल्य पर सामान बेचने व नापतोल में गड़बड़ी को लेकर




## ग्राहक द्वारा कि गई शिकायत कि जांच करने पहुंचे जी एस टी अधिकारी

शुजालपुर। विाली की धूमधाम में पेग मार्ट किराना स्टोर के संचालक ने ग्राहकों को जमकर लूटा। 22 सितंबर से जी एस टी कानून क संशोधन के बाद ऐसे बहुत से उत्पाद है जिनकी कीमते कम हो गई लेकिन दुकानदार मोदी जी द्वारा नागरिकों दी गई रियायत का लाभ नहीं दे रहे। वहीं शुजालपुर के पेग मार्ट किराना स्टोर वाले संचालक ने तो हद ही कर दी 190 ML अल्मण्ड हेयर ऑयल को 158 रूपये में बैचा गया लेकिन जांच का विषय है कि पक्के बिल जो कि जी एस टी नम्बर के उपर 190 ML को 200 ML दर्शाया गया। ऐसे में ऐसे बहुत से ग्राहकों को चूना लगाया जा रहा होगा।जी एस टी अधिकारी ऐसे गड़बड़ झाला की जांच कि जा रही है वहीं नापतोल विभाग में भी जल्द शिकायत कर जांच करवाई जाएगी।

रणजीत टाइम्स 04
इंदौर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

# धारेश्वर लोक के प्रथम चरण में बनेगा 1500 क्षमता वाला सत्संग भवन








दिलीप पाटिदार

धार समूचे क्षेत्र की आस्था के केंद्र धारनाथ मंदिर का अब धारेश्वर लोक के रूप में भव्य विकास किया जाएगा। इस परियोजना के प्रथम चरण में लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से 1500 व्यक्तियों की क्षमता वाला सत्संग भवन निर्मित किया जाएगा। इस निर्माण हेतु शासन से राशि स्वीकृत हो चुकी है। धारनाथ मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धारनाथ मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह जनभावनाओं का केंद्र भी है, और धारेश्वर लोक के रूप में इसका विकास क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को और सशक्त करेगा।

इस अवसर पर धार विधायक नीना वर्मा ने जनता से अपील की कि वे धारेश्वर लोक निर्माण में सक्रिय रूप से सहभागी बनें और इसे जनआस्था का भव्य प्रतीक बनाने में योगदान दें। पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने कार्यक्रम में धारेश्वर लोक की विस्तृत परियोजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह लोक आने वाले समय में पर्यटन और आध्यात्मिकता का अनोखा संगम बनेगा। आयोजन में 3 डी वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से धारेश्वर लोक की संपूर्ण विकास प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महंत नीलेश भारती, एसडीएम राहुल गुप्ता, धारनाथ आरती मंडल के सदस्य, समाजजन और अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दीपक परमार



शिवपुरी/ पुलिस की तत्परता से 24 घंटे के भीतर जिला चिकित्सालय से चोरी हुई नवजात शिशु बरामद कर ली गई। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं कोतवाली थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार खोजबीन कर सफलता प्राप्त की। तेज़ कार्रवाई और सूझबूझ के चलते बच्ची को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं DGP द्वारा 50 हजार का इनाम घोषित किया था।

# इंदौर में अफसरों का सारा ध्यान सड़कों की चमक पर, नदी-नालों की दुर्दशा से शहरवासी बेहाल

**इंदौर। शहर में नगर निगम का पूरा ध्यान इन दिनों सिर्फ सड़कों की सफाई और उन्हें चमकाने पर केंद्रित दिखाई दे रहा है। राजबाड़ा और उसके आसपास के इलाकों में रोजाना सड़कों को पानी से धोया जा रहा है, जिससे बाजार क्षेत्र की सड़कें चमक उठी हैं। लेकिन दूसरी ओर, शहर की आत्मा मानी जाने वाली कान्ह नदी और उसके आसपास के घाटों की हालत लगातार बद से बदतर होती जा रही है।**

कृष्णपुरा छत्री के आसपास के हिस्सों में गाद और गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे आसपास के दुकानदार और स्थानीय निवासी बदबू और मच्छरों से परेशान हैं। नगर निगम ने मानसून से पहले कुछ जगहों पर सफाई अभियान चलाया था, लेकिन वह सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया। कई नाले ऐसे हैं जहां महीनों से सफाई नहीं हुई है। नाले किनारे कचरे के ढेर लगे हैं और बारिश का पानी रुकने से उनमें सड़ांध फैल रही है। कृष्णपुरा छत्री के घाटों और शिवाजी मार्केट के पीछे के इलाकों में तो हालात इतने खराब हैं कि लोग वहां से गुजरना भी पसंद नहीं करते।

कान्ह नदी को सुंदर और साफ बनाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन नतीजा शून्य रहा। नदी का पानी काला और दुर्गंधयुक्त हो चुका है, जबकि नालों से गिरने वाला गंदा पानी स्थिति को और खराब कर रहा है। शहर के कई अन्य छोटे-बड़े नालों का भी यही हाल है। इसके बावजूद नगर निगम का पूरा फोकस सिर्फ राजबाड़ा और आसपास के क्षेत्रों की सड़कों को धोने और चमकाने पर है। इसके लिए वर्कशॉप विभाग से विशेष गाड़ियां मंगाई जा रही हैं और कर्मचारियों की टीम सुबह से देर शाम तक सड़कें साफ करती रहती हैं। गोपाल मंदिर रोड, पीपली बाजार, इमामबाड़ा, शिव विलास पैलेस क्षेत्र और अहिल्या उद्यान के पास यह अभियान जारी है। शहरवासी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर नगर निगम सिर्फ दिखावे की सफाई पर ध्यान क्यों दे रहा है, जबकि नदी-नालों की बदहाली से पूरे शहर में स्वास्थ्य संकट खड़ा हो सकता है। नागरिकों का कहना है कि शहर की सुंदरता सड़कों से नहीं, बल्कि स्वच्छ नदी और साफ वातावरण से बढ़ती है, जिस पर अब निगम को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

# अवैध मदिरा परिवहन पर इंदौर आबकारी की बड़ी कार्रवाई: तीन वाहन ज़ब्त

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के सख्त आदेशों और सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के प्रभावी मार्गदर्शन में इंदौर आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध अपनी मुहिम को और तेज कर दिया है। कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में आबकारी की टीमों ने गत रात्रि को विभिन्न स्थानों पर बड़ी और सफल कार्रवाई को अंजाम दिया। इन प्रभावी कार्रवाइयों में आबकारी विभाग की टीमों ने तीन दोपहिया वाहनों का उपयोग करके अवैध रूप से मदिरा का परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) क के तहत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

पलासिया वृत्त की कार्रवाई : वृत्त प्रभारी प्रियंका रानी चौरसिया की टीम ने छावनी रोड पर कार्रवाई करते हुए एक दोपहिया वाहन (MP09-US-1209) से एक पेटी देशी प्लेन मदिरा एवं 6 बोतल विदेशी मदिरा व्हिस्की बरामद की। आरोपी राहुल सिंह को गिरफ्तार किया गया। इस जब्त सामग्री और वाहन का अनुमानित बाज़ार मूल्य लगभग 77 हजार 812 रुपए है। राजमोहल्ला और आंतरिक 02 की संयुक्त कार्रवाई : आबकारी उपनिरीक्षक महेश पटेल और जया मुजाल्दे की टीमों ने सरवटे बस स्टैंड से क्रमशः दो अलग-अलग दोपहिया वाहनों (MP09AS2835 और MP09ZS9503) से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे कुल 55 पाव देशी मदिरा (25 पाव + 30 पाव) जब्त की। आरोपी सौरभ सोनकर और आदित्य सोनकर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में जब्त मदिरा और दोनों वाहनों का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1.60 लाख रुपए है।

समेकित परिणाम और सकारात्मक संदेश इन सभी कार्रवाइयों में कुल तीन दोपहिया वाहन और बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा जब्त की गई है। जब्त मदिरा और वाहनों का कुल समेकित अनुमानित बाज़ार मूल्य लगभग 2 लाख 37 हजार 812 रुपए है।

सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने कहा कि "आबकारी विभाग अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध निरंतर सघन और प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। ये गिरफ्तारियां स्पष्ट संदेश देती हैं कि इंदौर जिले में किसी भी प्रकार के अवैध मदिरा परिवहन या विक्रय को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ शहर की शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नागरिकों से अपील की गई कि ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत आबकारी विभाग को दें।" इस सफल अभियान में आबकारी विभाग के आरक्षकों तरुण सिंह जाट, परमजीत कौर, अजय चंद्रवाल, मोनू, किशन सिंह रघुवंशी, ओ पी साहू, उस्मान बेग, ललित गीते का सराहनीय और महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आबादी 45 लाख से पार

## लेकिन मतदाता सिर्फ 28 लाख - निर्वाचन आयोग ने शुरू की घर-घर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली इंदौर की कुल आबादी अब 45 लाख से ज्यादा हो चुकी है, लेकिन इसमें से केवल 28 लाख 67 हजार 294 लोग ही मतदाता सूची में दर्ज हैं। अब निर्वाचन आयोग ने इस अंतर को पाटने के लिए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएआर) की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत हर एक मतदाता का घर-घर जाकर वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में न केवल नए मतदाताओं का नाम जोड़ा जाएगा, बल्कि जिनका नाम पहले से सूची में है, उन्हें भी खुद को वेरिफाई कराना अनिवार्य होगा। बीएलओ (ब्लॉक लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी जुटा रहे हैं। आयोग के निर्देशों के अनुसार, इस बार मतदाता सूची को आधार कार्ड से लिंक करना पूरी तरह स्वैच्छिक रखा गया है। यानी किसी भी मतदाता पर इसे अनिवार्य रूप से लिंक कराने का दबाव नहीं रहेगा। इस अभियान में विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए (ब्लॉक लेवल एजेंट) भी शामिल किए जा रहे हैं, जो अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं के वेरिफिकेशन में सहयोग करेंगे। बीएलए और



बीएलओ मिलकर ऐसे मजदूर वर्ग के लोगों तक भी पहुंचेंगे जो दिनभर काम पर रहते हैं और घर पर नहीं मिल पाते।

कलेक्टर कार्यालय में राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में बताया गया कि शहर में लगभग 13,530 ऐसे बुजुर्ग मतदाता हैं जिनकी उम्र 80 वर्ष से अधिक है, वहीं 100 वर्ष से ऊपर के 135 मतदाता भी सूची में दर्ज हैं। कई जनप्रतिनिधियों ने इस पर सवाल उठाए कि कुछ मतदाताओं की उम्र 110 और यहां तक कि 115 वर्ष बताई जा रही है, जो तथ्यात्मक रूप से संदिग्ध लगती है। प्रशासन ने इन आंकड़ों की दोबारा जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

शहर में दिव्यांग मतदाताओं का भी अलग से वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इंदौर में 13,838 दिव्यांग मतदाता सूची में दर्ज हैं, जिनके पहचान पत्र और विवरण को अपडेट किया जा रहा है। वहीं, थर्ड जेंडर समुदाय की स्थिति अब भी अस्पष्ट बनी हुई है। शहर में थर्ड जेंडर की संख्या सैकड़ों में होने के बावजूद केवल 106 ही मतदाता सूची में दर्ज हैं। यह आंकड़ा चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। निर्वाचन विभाग ने साफ किया है कि इस बार वेरिफिकेशन का लक्ष्य सिर्फ नए नाम जोड़ना नहीं बल्कि गलत या दोहराए गए नामों को हटाकर मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक बनाना है। अधिकारी इस बात को लेकर भी सतर्क हैं कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन हो जाए। इंदौर के नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे खुद अपना नाम वोटर लिस्ट में जांचें और आवश्यक संशोधन या वेरिफिकेशन ऑनलाइन या अपने क्षेत्र के बीएलओ के माध्यम से कराएं। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि शहर की वास्तविक आबादी और मतदाताओं की संख्या के बीच की खाई धीरे-धीरे कम हो सके, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हर योग्य नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो।

## इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन का एरिया हुआ फाइनल-अब 9989.69 वर्ग किलोमीटर में होगा विकास, बोर्ड बैठक में कई बड़े निर्णय

इंदौर। लंबे समय से चल रही संशोधन प्रक्रिया के बाद आखिरकार इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन का दायरा तय कर दिया गया है। अब इस क्षेत्र का कुल एरिया 9989.69 वर्ग किलोमीटर फिक्स किया गया है। पहले यह एरिया 6631.40 वर्ग किलोमीटर था, लेकिन बाद में आसपास के कुछ हिस्सों को जोड़ते हुए इसे अंतिम रूप से बढ़ा दिया गया। अब इस प्रस्ताव को शासन को मंजूरी के लिए भेजा जा रहा है इंदौर विकास प्राधिकरण (IDA) की बोर्ड बैठक में इस फैसले के साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता नवागत प्राधिकरण अध्यक्ष और संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने की। उनके साथ सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, नगर निगम आयुक्त, वन मंडल अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट और इन्वेस्टमेंट प्लान के तहत अब विकास कार्यों को उसी फिक्स क्षेत्र में संचालित किया जाएगा। इस योजना की गुणवत्ता मॉनिटरिंग का कार्य स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, भोपाल को सौंपा गया है। इसके अलावा, शहर के विकास और निवेश को गति देने के लिए कई बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई।

बैठक में सबसे अहम चर्चा एमआर-12 (मुख्य मार्ग) के अलाइनमेंट पर रही, जिसके कारण कान्ह नदी पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य अटका हुआ था। संचालक मंडल ने अब संशोधित अलाइनमेंट प्रस्ताव को राज्य शासन को भेजने का निर्णय लिया है, ताकि सेतु निर्माण जल्द शुरू हो सके। इसके अलावा, लंबे समय से लंबित कन्वेंशन सेंटर और स्टार्टअप पार्क के निर्माण के लिए पीपीपी मॉडल पर टेंडर बुलाने को भी हरी झंडी दे दी गई। योजना क्रमांक 151 और 169-बी में बनने वाले इस स्टार्टअप पार्क के लिए "मेसर्स मेहता एंड एसोसिएट्स" द्वारा तैयार निविदा प्रक्रिया को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में योजना क्रमांक 140 के तहत 60 हजार स्क्वेयर फीट के भूखंड के सिंगल टेंडर को भी मंजूरी दी गई, जिसकी कीमत करीब 130 करोड़ रुपए है। यह वही टेंडर है जिसे पहले निरस्त किया गया था क्योंकि केवल एक ही फर्म – राजश्री पावर एंड स्पात प्रा. लि. का प्रस्ताव आया था। इस बार मामूली राशि बढ़ाकर पुनः वही फर्म सिंगल टेंडर लेकर सामने आई और इसे मंजूरी मिल गई। योजना 140 वर्तमान में इंदौर विकास प्राधिकरण की सबसे "हॉट प्रॉपर्टी" मानी जा रही है, जहां सड़क किनारे के प्लॉटों के दाम 25 से 30 हजार रुपये प्रति स्क्वेयर फीट तक पहुंच चुके हैं। बैठक में टीपीएस-05 और टीपीएस-04 योजनाओं में कई निर्माण कार्यों के टेंडर भी स्वीकृत किए गए — जिनमें रिटेनिंग वॉल निर्माण, बगीचों की बाउंड्रीवॉल, पाथवे निर्माण और सांदीपनी स्कूलों में फर्नीचर एवं सजावट कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 17 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा, नगर निगम द्वारा अधिरोपित संपत्ति कर को लेकर भी बोर्ड ने व्यापक चर्चा की और निर्णय लिया कि अब संपत्ति कर देयता का युक्तियुक्तकरण करते हुए उसकी नई व्यवस्था तैयार की जाएगी। इस प्रकार, इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन के 9989 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अंतिम रूप देकर अब शहर के भविष्य के विकास की दिशा तय कर दी गई है। इस निर्णय से इंदौर के आसपास के उपनगरों और ग्रामीण इलाकों में भी विकास कार्यों की गति बढ़ेगी और शहर एक बड़े आर्थिक एवं शहरी केंद्र के रूप में उभरने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

## डिग्री बिना दे रहा था इलाज, वाट्सएप पर मरीजों को लिख रहा था दवाइयां-हर्ष क्लिनिक प्रकरण में कलेक्टर हुए सख्त, सीएमएचओ को तुरंत कार्रवाई के निर्देश

**इंदौर। शहर में इलाज के नाम पर हो रहे खेल ने प्रशासन को भी हिला दिया है। हर्ष क्लिनिक में एक महिला मरीज की मौत के बाद जब जिला प्रशासन ने क्लिनिक को सील किया, तो लगा कि अब सब कुछ थम जाएगा। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस डॉक्टर की लापरवाही से मरीज की जान गई, वही डॉक्टर अब भी लोगों का इलाज कर रहा है-वह भी घर बैठे वाट्सएप पर।**

जब यह बात कलेक्टर तक पहुंची और उन्होंने शिकायतकर्ता द्वारा दिखाए गए चैट्स देखे, तो वे खुद भी हैरान रह गए। उन्होंने तत्काल सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पूरा मामला इंदौर के हर्ष क्लिनिक का है, जो ज्ञानचंद पंजवानी के नाम पर रजिस्टर्ड है। बताया जा रहा है कि पंजवानी ने यह क्लिनिक किराये पर दे रखा था, और यहां इलाज करने का काम बीएचएमएस डॉक्टर श्रीचंद कर रहे थे। उन्हीं की लापरवाही के चलते कुछ समय पहले एक महिला मरीज की मौत हो गई थी। परिजनों ने आरोप लगाया था कि बिना एमबीबीएस डिग्रीधारी व्यक्ति द्वारा उपचार किया गया, जिससे मरीज की हालत बिगड़ी और आखिरकार उसने दम तोड़ दिया।

मरीज के बेटे रोहन चौहान ने न्याय की गुहार लगाते हुए शिकायत की थी, जिसके बाद प्रशासन ने हर्ष क्लिनिक को तो सील कर दिया, लेकिन आरोपी डॉक्टर श्रीचंद पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। यही नहीं, डॉक्टर अब भी मोबाइल और वाट्सऐप के जरिए लोगों से संपर्क कर उनकी उम्र, नाम और बीमारी पूछकर दवाइयां लिख रहे हैं। यह पूरा मामला सामने आने के बाद कलेक्टर स्वयं चौक गए और उन्होंने कहा कि यह सीधे तौर पर कानून और स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। स्वास्थ्य विभाग ने दावा किया है कि क्लिनिक के रजिस्ट्रेशन और डॉक्टर की पात्रता की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि जांच सिर्फ कागजों तक सीमित है, और अधिकारी आवेदक का बयान तक नहीं ले रहे हैं। वहीं आरोपी डॉक्टर का कहना है कि शिकायतकर्ता स्वयं सहयोग नहीं कर रहा, इसलिए जांच लंबित है।

उधर पीड़ित परिवार अब भी न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। परिजनों ने कहा कि उनकी मां की मौत सिर्फ एक गैर-पात्र डॉक्टर की लापरवाही से हुई और प्रशासन ने उसे खुला छोड़ दिया है। परिवार का कहना है कि अगर ऐसे डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो न जाने और कितनी जिंदगियां खतरे में पड़ जाएंगी।

# संजय कालोनी राजगढ़ में रात्रि में घर में घुसकर चोरी करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार बाईक व चांदी के आभूषण किए जप्त

राजगढ़ (सरदारपुर)

**दिलीप पाटिदार**

दिनांक 17.08.2025 को फरियादी गोपाल पिता बहादुर भाबर निवासी संजय कालोनी राजगढ रिर्पोट की कि कोई अज्ञात बदमाश रात्रि में उसके घर में घुसकर नगदी रूपये व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया है तथा फरियादी सुनिल पिता कन्हैयालाल कोठारी निवासी अनाज मंडी के पास गोपाल आईल मील परिसर राजगढ ने रिपोर्ट की कि किसी अज्ञात बदमाश ने मिल में चोरी करने का प्रयास किया है जिस थाना राजगढ़ पर उक्त दोनों घटनाओं में पृथक पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। मयंक अवस्थी पुलिस अधीक्षक जिला धार, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमति पारूल बेलापुरकर, अति. पुलिस अधीक्षक विजय डावर के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन में राजगढ थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान के नेतृत्व में उक्त घटनाओं के आरोपियों को पकड़ने हेतु एक टीम गठित की गयी । दिनांक 13.10.2025 को टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि उक्त घटना करने वाला आरोपी सोना उर्फ जसपाल संजय कालोनी राजगढ़ में घूम रहा हैं जिस पर संजय कालोनी में दबीश देकर आरोपी सोना उर्फ जसपाल पिता रामा सिकलीगर निवासी संजय कालोनी राजगढ़ को पकड़ कर थाने




लाकर पूछताछ करते आरोपी सोना द्वारा अपने साथी काना उर्फ कपिल पिता शंकरलाल राठौड़ निवासी संजय कालोनी राजगढ़ के साथ उक्त दोनों घटना करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी सोना उर्फ जसपाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक जोड़ सोने के टॉप्स, एक चांदी की चूड़ी, एक चांदी की अंगूठी, एक जोड़ चांदी के पायजेब कुल कीमती 90000-/ का चोरी गया समान जप्त किया गया था तथा आरोपी कान्हा घटना दिनांक से फरार था । आज दिनांक 29.10.2025 को मुखबिर सूचना मिली की उक्त घटन में फरार आरोपी कान्हा मोहनखेडा में घुम रहा हैं जिस पर राजगढ पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी कान्हा पिता शंकरलाल राठौर निवासी संजय कालोनी राजगढ को पकडा व घटना के संबंध में पुछताछ करते आरोपी द्वारा उक्त दोनो घटना पूर्व में गिरफ्तार आरोपी सोना उर्फ जसपाल सिकलीगर के साथ करना स्वीकार किया गया, जिस पर आरोपी को गिरफ्तार किया व आरोपी के कब्जे से नगदी 6000/- रूपये नगदी, चार चांदी की बिछुडी, दो अंगुठे की बिछुडी अंगुठी किमती 20000/- रूपये के जप्त किये गये हैं ।

आरोपी कान्हा राठौर से सोनगढ रोड से चोरी गयी एक मोटर सायकल होण्डा शाईन किमती 95000/- रूपये को भी जप्त किया गया हैं । उक्त बदमाश को पकडने में ASI सुनील राजपूत, प्रधान आरक्षक विपिन कटारा, प्रधान आरक्षक रेमसिंह बड़े,आरक्षक अमित बामनिया, आरक्षक दिलीप, आरक्षक सुनील मोर्य, आरक्षक राकेश बघेल की सराहनीय भुमिका रही है । पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी ने उचित ईनाम की घोषणा की हैं ।

# गोपाष्टमी पर गूंजा जयघोषः गंगाजलखेड़ी गोशाला में बजरंग दल का भव्य गौमाता पूजन

दरबार सिंह ठाकुर

देपालपुर, (विशेष संवाददाता)। धर्म, संस्कृति और गो-संरक्षण की त्रिवेणी का संगम देपालपुर की गंगाजलखेड़ी गोशाला में देखने को मिला, जहाँ विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड देपालपुर ने गोपाष्टमी के पावन पर्व पर एक अत्यंत भव्य और श्रद्धापूर्ण गौमाता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया।

## गौमाता का हुआ अलौकिक श्रृंगार और पूजन

कार्यक्रम की शुरुआत अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में हुई, जहाँ समूचा प्रांगण "गौमाता की जय" के ओजस्वी जयघोष से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने भक्तिभाव से गोमाताओं के चरण स्पर्श किए। इसके पश्चात, सभी गोमाताओं को एक-एक करके तिलक लगाया गया, रंग-बिरंगे फूलमालाएं पहनाई गईं, और उनका विधिवत श्रृंगार किया गया।

पूजन के उपरांत, गोमाताओं को उनके प्रिय खाद्य पदार्थ – गुड़ और पौष्टिक पशु आहार – खिलाकर कार्यकर्ताओं ने अपनी श्रद्धा और प्रेम अर्पित किया। इस दौरान गोशाला का दृश्य अत्यंत मनोरम और भावुक कर देने वाला था, जिसने उपस्थित सभी लोगों को गोसेवा के लिए प्रेरित किया। गोशाला के मुख्य द्वार पर भगवा ध्वज फहराकर न केवल आयोजन को एक गौरवपूर्ण और धार्मिक पहचान दी गई, बल्कि गो-संरक्षण के प्रति संगठन के अडिग संकल्प को भी दर्शाया गया।

## वक्ता ने बताया गोपाष्टमी का पौराणिक महत्व

**कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल प्रखंड के गो रक्षा प्रमुख श्री रवि गौस्वामी ने संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में गोपाष्टमी के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।**



**ब्लॉककोटः** "गोपाष्टमी का दिन सिर्फ एक त्यौहार नहीं, बल्कि गो-संरक्षण के संकल्प का प्रतीक है। इसी दिन, भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गोमाताओं को चराने का कार्य आरंभ किया था, जिसके बाद वे 'गोपाल' कहलाए। गोमाता हमारी संस्कृति की रीढ़ हैं और उनकी रक्षा करना हम सभी का परम धर्म है।" श्री गौस्वामी ने गौमाता की रक्षा, संवर्धन, और गोशालाओं के सहयोग की महत्ता पर बल दिया, और उपस्थित जनसमूह से गोमाता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के प्रयास में जुड़ने का आह्वान किया।

**प्रमुख कार्यकर्ताओं और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में बजरंग दल प्रखंड की पूरी टोली ने सक्रिय और संगठित भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में निम्न प्रमुख**

## कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

दिनेश गुर्जर (बजरंग दल सहसंयोजक), दरबार सिंह ठाकुर (जिला गो रक्षा प्रमुख), राहुल चाँदना (प्रखंड अध्यक्ष), करण शर्मा (प्रखंड मंत्री),दीपक सेन (मीडिया प्रभारी), इनके अतिरिक्त, विजय परमार, गोकुल राठौर, अर्जुन गुछिया, हनी खत्री, राकेश सांडे, विकास भारत, सुरज बाथम, विपीन नागर, सचिन सहित प्रखंड टोली के सभी सदस्यों एवं गोशाला समिति के सदस्यों ने भी गौसेवा में हाथ बंटाया।

## जन-जागरूकता का हुआ प्रसार

इस कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि इसमें स्थानीय नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। महिला-पुरुष और बच्चों ने समान रूप से गौमाता का पूजन कर आशीर्वाद लिया। नागरिकों की यह सक्रिय भागीदारी यह संदेश देती है कि क्षेत्र में गोसंरक्षण के प्रति जागरूकता और श्रद्धा का भाव तेजी से प्रसारित हो रहा है। यह आयोजन देपालपुर के लिए गोसेवा की भावना को मजबूत करने वाला एक प्रेरणास्त्रोत बन गया। क्या आप चाहते हैं कि मैं इस कार्यक्रम के बारे में स्थानीय समाचार पत्रों या सोशल मीडिया के लिए एक छोटा और आकर्षक शीर्षक और सारांश तैयार करूँ?

# इंदौर में मिलावटखोरों पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

### बड़ी मात्रा में मिलावटी घी जप्त, फैक्ट्री आगामी आदेश तक की गई बंद

खुशबू श्रीवास्तव

**इंदौर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन, खाद्य औषधि प्रशासन विभाग एवं क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में मिलावटी घी जप्त किया है। बताया गया कि यह कार्रवाई श्रीराम मिल्क एंड फूड डेरी पालदा में की गई। निरीक्षण के दौरान मिलावट पाये जाने पर लगभग 3400 लीटर मिलावटी घी जप्त किया गया।**



खाद्य अधिकारी श्री मनीष स्वामी ने बताया कि मिलावटी घी के नमूनों का प्रारंभिक परीक्षण इंदौर में हाल ही में उद्घाटित फूड एंड ड्रग लैब के माध्यम से कराया गया, जिसमें गुणवत्ता में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इंदौर में लैब स्थापित होने से इसका फायदा तुरंत ही प्राप्त हुआ, जिससे जांच प्रक्रिया त्वरित रूप से पूरी की जा सकी। कार्रवाई के दौरान घी निर्माता का कारखाना बंद कराया गया। कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा श्रीराम मिल्क एंड फूड डेरी पालदा का निरीक्षण किया गया, उक्त प्रतिष्ठान पर घी पैक किया जा रहा था। उक्त फैक्ट्री पर मदर चॉइस एवं मिल्क क्रीम एवं अन्य ब्रांड के नाम से पैकिंग की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कुछ सफेद कलर का फैट भी मिला, जिसकी प्राइमरी जांच तालावली चादा स्थित नवीन लैब से करवाने पर मिल्क फेट न होकर अन्य फेट की पुष्टि की गयी। उक्त संस्थान से विभिन्न ब्रांड के एवं संग्रहित लूज घी एवं फैट की विस्तृत जांच हेतु राज्य का परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। उक्त प्रतिष्ठान को अन्य फेट पाए जाने के कारण आगामी आदेश तक बंद किया जा रहा है। उक्त संस्थान से 3400 लीटर घी जप्त किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 17 लाख रूपये है।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मिलावटखोरी के विरुद्ध इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

गठित दल के द्वारा पालदा स्थित श्रीराम मिल्क फ़ूड एंड डेरी इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया गया।परिसर मे खाद्य पदार्थ घी का निर्माण एवं पैकिंग किया जाना पाया गया। परिसर में पाए गए घी की तलावली चंदा स्थित नवीन खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला मे प्रारंभिक जाँच करने पर उक्त घी मे वनस्पति होना पाया गया है, परिसर मे पाए गए विभिन्न ब्रांड-कैवल्य फ्रेश सुपर देशी घी, सब्हो डिलीशियस देसी घी, डेरी पावर घी, SRMI मदर चॉइस cow घी, SRMI मदर चॉइस घी, SRMI मिल्क क्रीम cow घी, SRMI मिल्क क्रीम देशी घी के विभिन्न पैकिंग के एवं लूज घी के कुल 10 नमूने जाँच हेतु लिए गए है तथा लगभग 3400 लीटर घी को जब्त किया गया है। गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उक्त प्रतिष्ठान मे खाद्य कारोबार को बंद कराया गया है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स

# मप्र छोड़िए, मुख्यमंत्री के प्रभार जिले इंदौर का हाल देखिए

WD — दिवाली की रात एक के बाद एक 3 सनसनीखेज **हत्याएं**

दैनिक भास्कर — ऑस्ट्रेलियन महिला क्रिकेटरों से **छेड़छाड़**

पंजाब केसरी — नगर निगम के संपत्ति सर्वे को लेकर **हंगामा**! पार्षद पति और अफसर आमने-सामने




Happy
Birthday